मेरी औकात से ज्यादा तूने दिया | By Shilpi Kaushik |

मेरी औकात से ज्यादा तूने दिया
मेरी औकात से ज्यादा तूने दिया
शुक्रिया शुक्रिया माँ तेरा शुक्रिया
शुक्रिया शुक्रिया माँ तेरा शुक्रिया
मेरी पहचान तूने बनाई है माँ
शुक्रिया शुक्रिया माँ तेरा शुक्रिया

खाक से तूने मुझको उठाया है माँ
अपने चरणों से मुझको लगाया है माँ
तेरी सेवा का हकदार मैं हो गया
ये मेहरबानी तेरी तेरा शुक्रिया
मेरी औकात से ज्यादा तूने दिया
शुक्रिया शुक्रिया माँ तेरा शुक्रिया

मान इज़्ज़त व शोहरत और दौलत मिली
हर खुशी माँ तेरी ही बदौलत मिली
दातिए तूने बख्शी कई नेमत
हर घड़ी शुक्रिया माँ तेरा शुक्रिया
मेरी औकात से ज्यादा तूने दिया
शुक्रिया शुक्रिया माँ तेरा शुक्रिया

तेरे दम से ही दम में है दम आ रहा
सांस का पंछी माँ तेरे गुण गा रहा
पप्पू लाहिरी की सांसें अमानत तेरी
मेरी हर सांस करती तेरा शुक्रिया
मेरी औकात से ज्यादा तूने दिया
शुक्रिया शुक्रिया माँ तेरा शुक्रिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%94%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a4-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82%e0%a4%a8%e0%a5%87/